दो लघुकथाएँ

सूचना के अनुसार कृतियाँ करो [PAGE 29]

सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q 1 | Page 29

संजाल पूर्ण करो :



Solution: दाँतों की विशेषताएँ :

१. साफ

२. स्वच्छ

३. शक्तिशाली

४. नुकीले

सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (२) १. | Page 29

उत्तर लिखो :



Solution: जीभ द्वारा दी गई चेतावनी :

जीभ दंत चिकित्सक को बुलाएगी जो एक-एक दाँत को बाहर कर देगा।

सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (२) २. | Page 29

उत्तर लिखो :



Solution:



सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (३) १. | Page 29

विधान के सामने चौखट में सही ✓ अथवा गलत × चिह्न लगाओ :

जिह्वा ने अविवेक पूर्ण उत्तर दिया।

1. ✓
2. ×

Solution: जिह्वा ने अविवेक पूर्ण उत्तर दिया। - ×

सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (३) २. | Page 29

विधान के सामने चौखट में सही ✓ अथवा गलत × चिह्न लगाओ :

दाँत घमंडी थे।

1. ✓
2. ×

Solution: दाँत घमंडी थे। - ✓

सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (३) ३. | Page 29

विधान के सामने चौखट में सही ✓ अथवा गलत × चिह्न लगाओ :

सभी अपराधियों को नियमानुसार सजा नहीं हुई।

1. ✓
2. ×

Solution: सभी अपराधियों को नियमानुसार सजा नहीं हुई। - ×

सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (३) ४. | Page 29

विधान के सामने चौखट में सही ✓ अथवा गलत × चिह्न लगाओ :

ठेकेदार पुराना था।

1. ✓
2. ×

Solution: ठेकेदार पुराना था। - ×

सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (४) | Page 29

उचित जोड़ियाँ मिलाओ :

अ	उत्तर	आ
१. बहुमंजिला	_____	१. ईमानदार
२. अधिकारी	_____	२. इमारत
३. नया ठेकेदार	_____	३. भ्रष्ट
4. सार्वजनिक समारोह	_____	४. अनुभवी
		५. सम्मान

Solution:

अ	उत्तर
१. बहुमंजिला	**२. इमारत**
२. अधिकारी	**३. भ्रष्ट**
३. नया ठेकेदार	**१. ईमानदार**
4. सार्वजनिक समारोह	**५. सम्मान**

भाषा बिंदु [PAGE 29]

भाषा बिंदु | Q 1 | Page 29

निम्नलिखित शब्द के आधार पर मुहावरे लिखकर उनका अपने वाक्य में प्रयोग करो।

ईंट

Solution: ईंट

ईंट का जवाब पत्थर से देना - मुँहतोड़ जवाब देना।

वाक्य: शत्रु सेना द्वारा धोखे से हमला करने पर भारतीय सेना ने ईंट का जवाब पत्थर से दिया।

भाषा बिंदु | Q 2 | Page 29

निम्नलिखित शब्द के आधार पर मुहावरे लिखकर उनका अपने वाक्य में प्रयोग करो।

जान

Solution: जान

जान पर खेलना - अपनी जान संकट में डालना।

वाक्य: मनीष ने अपनी जान पर खेलकर नदी में डूबते बालक की जान बचाई।

भाषा बिंदु | Q 3 | Page 29

निम्नलिखित शब्द के आधार पर मुहावरे लिखकर उनका अपने वाक्य में प्रयोग करो।

पानी

Solution: पानी

पानी-पानी होना - लज्जित होना।

वाक्य: पड़ोसी के घर चोरी करते पकड़े जाने पर रमेश पानी-पानी हो गया।

भाषा बिंदु | Q 4 | Page 29

निम्नलिखित शब्द के आधार पर मुहावरे लिखकर उनका अपने वाक्य में प्रयोग करो।

खिचड़ी

Solution: खिचड़ी

खिचड़ी पकाना - कोई षडयंत्र करना।

वाक्य: महेश खेल प्रतियोगिता जीतने के लिए अपने मित्र के साथ मिलकर खिचड़ी पका रहा है।

उपयोजित लेखन [PAGE 29]

उपयोजित लेखन | Q (१) | Page 29

'जल के अपव्यय की रोकथाम' संबंधी चित्रकला प्रदर्शनी का आकर्षक विज्ञापन तैयार करो।

Solution:

प्रहार चित्रकला प्रदर्शनी लेकर आया है
जल के अपव्यय की रोकथाम संबंधी प्रदर्शनी
'जल है तो कल है'

उद्देश्य:

- विभिन्न आकर्षक एवं रोचक चित्रों के माध्यम से जल के महत्त्व को दर्शाना।
- विभिन्न चित्रों के माध्यम से जल का संरक्षण करने के लिए प्रेरित करना।

हमारी इस प्रदर्शनी में शामिल हो जल के महत्त्व को जानिए।

आपका सहयोग आने वाले
कल के लिए अमूल्य होगा।

दिनांक: २५ दिसंबर, २०१९
समय: सुबह ९:०० से शाम ०६: बजे तक
स्थान: जंतर मंतर मैदान
संपर्क: ८९६५ ००००००
ई-मेल आईडी: prahar@gmail.com

उपयोजित लेखन | Q (२) | Page 29

मैंने समझा

____

____

____

Solution:

बुरे कार्य का परिणाम हमेशा बुरा ही होता है और ईमानदारी से कार्य करने वालों को सम्मान प्राप्त होता है। अत: हमें हमेशा सच्चाई व ईमानदारी की राह पर चलना चाहिए। घमंड से व्यक्ति का सिर नीचा होता है तथा विनम्रता से सिर झुकाने वाला व्यक्ति आसमान की बुलंदी को छूता है।

स्वयं अध्ययन [PAGE 29]

स्वयं अध्ययन | Q 1 | Page 29

किसी ग्रामीण और शहरी व्यक्ति की दिनचर्या की तुलनात्मक जानकारी प्राप्त करके आपस में चर्चा करो।

Solution:

ग्रामीण व्यक्ति	**शहरी व्यक्ति**
यह सुबह ५ बजे ही उठ जाता है।	यह ७ बजे उठता है।
यह अपने पशुओं को चारा डालता है।	यह नहा-धोकर नाश्ता करता है।
पशुओं को नहलाने के बाद खुद नहाता है और नाश्ता करता है।	यह दफ्तर जाने के लिए तैयार होता है।
यह खेतों में काम करता है।	यह दफ्तर में कंप्यूटर पर कार्य करता है।
यह शारीरिक परिश्रम करता है।	यह मानसिक परिश्रम करता है।
यह दोपहर में घर आकर भोजन करता है और विश्राम करता है।	यह दफ्तर में भोजन करने के बाद फिर से काम करता है।
यह शाम को फिर से जानवरों को चारा डालता है और खेतों में जाकर काम करता है।	यह शाम को दफ्तर से घर लौटता है।
सूरज ढलने के बाद घर लौटता है	घर पर परिवार के साथ वक्त बिताता है।
रात को भोजन कर सो जाता है।	रात को भोजन कर सो जाता है।